| 2. प्रो0 आशुतोष विश्वाल | - | विशेषज्ञ | **माननीय कुलाधिपति द्वारा नामित** |
| 3. प्रो0 एन0एन0 पाण्डेय | - | विशेषज्ञ | |
| 4. प्रो0 रामजनम सिंह (अनुपस्थित) | - | विशेषज्ञ | |
| 5. प्रो0 प्रेम नारायण सिंह | - | विभागाध्यक्ष | |
| 6. डॉ0 सूर्यकान्त | - | अन्य पिछड़ा वर्ग के नामित प्रतिनिधि | |
| 7. डॉ0 शिवराम वर्मा | - | अनुसूचित जाति/जनजाति के नामित प्रतिनिधि | |
| 8. श्री प्रभाष द्विवेदी, कुलसचिव | - | सचिव | |

समिति ने **डॉ0 पुष्पा देवी** के स्वमूल्यांकन प्रपत्र तथा आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की (आई0क्यू0ए0सी0) आख्या का अवलोकन कर साक्षात्कार किया। सभी तथ्यों पर सम्यक रूप से विचार करने के उपरान्त निम्नलिखित संस्तुति की जाती है।

सम्यक् साक्षात्कारोपरान्त डॉ॰ पुष्पा देवी को अर्हता तिथि से एसोशियेट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की संस्तुति की जाती है।

22.04.17
**( प्रो0 यदुनाथ प्रसाद दुबे )**
कुलपति, अध्यक्ष

22.4.17
**( प्रो0 आशुतोष विश्वाल )**
विशेषज्ञ

22/04/17
**( प्रो0 एन0एन0 पाण्डेय )**
विशेषज्ञ

**( प्रो0 रामजनम सिंह )**
विशेषज्ञ (अनुपस्थित)

22/04/17
**( प्रो0 प्रेम नारायण सिंह )**
विभागाध्यक्ष

**( डॉ0 सूर्यकान्त )**
अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि

22.4.17
**( डॉ0 शिवराम वर्मा )**
अनु0 जाति/जनजाति के प्रतिनिधि

22/4/17
**( प्रभाष द्विवेदी )**
कुलसचिव, सचिव

**विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मत्ति से डा॰ पुष्पा देवी को प्रोफेसर (आचार्य) पद पर प्रोन्नति पर नियमानुसार निर्धारित अर्हता तिथि से करने की स्वीकृति प्रदान की।**

(**H**) कार्यपरिषद् के समक्ष विश्वविद्यालय में साहित्य विभाग के एशोसिएट प्रोफेसर डा॰ प्रभु सिह यादव की कैरियर प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के लिए आहूत चयन समिति की बैठक दिनांक 22.04.2017 की अधोलिखित संस्तुति प्रस्तुत की गयी-

<u>**चयन समिति की बैठक**</u>

दिनांक - 22.04.2017
समय - 03.00 बजे से
स्थान – कुलपति आवासीय कार्यालय

विश्वविद्यालय में साहित्य विषय के एसोसिएट प्रोफेसर **डॉ0 प्रभु सिंह यादव** की कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के लिए चयन समिति की बैठक आज दिनांक 22.04.2017 को मध्यान्ह 03.00 बजे से कुलपति आवासीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। चयन समिति की उक्त बैठक में निम्नलिखित व्यक्ति उपस्थित हुए –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 यदुनाथ प्रसाद दुबे, | - | कुलपति | - अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 महावीर अग्रवाल | - | विशेषज्ञ | **माननीय कुलाधिपति द्वारा नामित** |
| 3. | प्रो0 रामसुमेर यादव | - | विशेषज्ञ | |
| 4. | प्रो0 मंजुला जायसवाल | - | विशेषज्ञ | |
| 5. | प्रो0 हेतराम कछवाह | - | संकायाध्यक्ष | |
| 6. | डॉ0 सूर्यकान्त | - | अन्य पिछड़ा वर्ग के नामित प्रतिनिधि | |
| 7. | डॉ0 शिवराम वर्मा | - | अनुसूचित जाति/जनजाति के नामित प्रतिनिधि | |
| 8. | श्री प्रभाष द्विवेदी, कुलसचिव | - | सचिव | |

समिति ने **डॉ0 प्रभु सिंह यादव** के स्वमूल्यांकन प्रपत्र तथा आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की (आई0क्यू0ए0सी0) आख्या का अवलोकन कर साक्षात्कार किया। सभी तथ्यों पर सम्यक रूप से विचार करने के उपरान्त निम्नलिखित संस्तुति की जाती है।

"सम्यक् परीक्षणोपरान्त डॉ. प्रभु सिंह यादव को एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर के पद पर पदोन्नति की [illegible] तिथि से संस्तुति की जाती है।"

**( प्रो0 यदुनाथ प्रसाद दुबे )**
कुलपति, अध्यक्ष

**( प्रो0 महावीर अग्रवाल )**
विशेषज्ञ

**( प्रो0 रामसुमेर यादव )**
विशेषज्ञ

**( प्रो0 मंजुला जायसवाल )**
विशेषज्ञ

**( प्रो0 हेतराम कछवाह )**
विभागाध्यक्ष

**( डॉ0 सूर्यकान्त )**
अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि

22.4.17
**( डॉ0 शिवराम वर्मा )**
अनु0 जाति/जनजाति के प्रतिनिधि

**( प्रभाष द्विवेदी )**
कुलसचिव, सचिव

**विचार विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से डा॰ प्रभुसिंह यादव को प्रोफेसर (आचार्य) पद पर प्रोन्नति नियमानुसार निर्धारित अर्हता तिथि से करने की स्वीकृति प्रदान की।**

(I) कार्यपरिषद् के समक्ष विश्वविद्यालय में साहित्य विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर (चयन वेतनमान) डा॰ विजय कुमार पाण्डेय की कैरियर एडवांसमेण्ट योजना के अंतर्गत असिस्टेंट प्रोफेसर (चयन वेतनमान) से एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के लिए आहूत चयन समिति की बैठक दिनांक 22.04.2017 की अधोलिखित संस्तुति प्रस्तुत की गयी-

**<u>चयन समिति की बैठक</u>**

दिनांक - 22.04.2017
समय - 04.00 बजे से
स्थान – कुलपति आवासीय कार्यालय

विश्वविद्यालय में साहित्य विषय के असिस्टेण्ट प्रोफेसर **डॉ0 विजय कुमार पाण्डेय** की कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत असिस्टेण्ट प्रोफेसर से एसोसिएट प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति के लिए चयन समिति की बैठक आज दिनांक 22.04.2017 को मध्यान्ह 04.00 बजे से कुलपति आवासीय कार्यालय में सम्पन्न हुई। चयन समिति की उक्त बैठक में निम्नलिखित व्यक्ति उपस्थित हुए –

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. प्रो0 यदुनाथ प्रसाद दुबे, | - | कुलपति | - | अध्यक्ष |
| 2. प्रो0 महावीर अग्रवाल | - | विशेषज्ञ | | **माननीय कुलाधिपति द्वारा नामित** |
| 3. प्रो0 रामसुमेर यादव | - | विशेषज्ञ | | |
| 4. प्रो0 मंजुला जायसवाल | - | विशेषज्ञ | | |
| 5. प्रो0 हेतराम कछवाह | - | संकायाध्यक्ष | | |
| 6. डॉ0 सूर्यकान्त | - | अन्य पिछड़ा वर्ग के नामित प्रतिनिधि | | |
| 7. डॉ0 शिवराम वर्मा | - | अनुसूचित जाति/जनजाति के नामित प्रतिनिधि | | |
| 8. श्री प्रभाष द्विवेदी, कुलसचिव | - | सचिव | | |

समिति ने **डॉ0 विजय कुमार पाण्डेय** के स्वमूल्यांकन प्रपत्र तथा आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की (आई0क्यू0ए0सी0) आख्या का अवलोकन कर साक्षात्कार किया। सभी तथ्यों पर सम्यक रूप से विचार करने के उपरान्त निम्नलिखित संस्तुति की जाती है।

"साक्षात्कार परीक्षणोपरान्त डॉ॰ विजय कुमार पाण्डेय को AGP 8000 से AGP 9000 में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर अर्हता तिथि से प्रोन्नति की संस्तुति की जाती है।"

(प्रो0 यदुनाथ प्रसाद दुबे) 22.4.17
कुलपति, अध्यक्ष

(प्रो0 महावीर अग्रवाल) 22/4/17
विशेषज्ञ

(प्रो0 रामसुमेर यादव) 22/4/17
विशेषज्ञ

(प्रो0 मंजुला जायसवाल)
विशेषज्ञ

(प्रो0 हेतराम कछवाह)
विभागाध्यक्ष

(डॉ0 सूर्यकान्त)
अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि

(डॉ0 शिवराम वर्मा) 22.4.17
अनु0 जाति/जनजाति के प्रतिनिधि

(प्रभाष द्विवेदी) 22/4/17
कुलसचिव, सचिव

**विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मत्ति से डा॰ विजय कुमार पाण्डेय को एशोसिएट प्रोफेसर (सह॰ आचार्य) पद पर प्रोन्नति नियमानुसार निर्धारित अर्हता तिथि से करने की स्वीकृति प्रदान की।**

**कार्यक्रम संख्या-10-** राष्ट्रीय उच्चत्तर शिक्षा अभियान (RUSA) के अंतर्गत शासन से प्राप्त धनराशि को निर्धारित विभिन्न मदों में व्यय करने के सम्बन्ध में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान करने पर विचार।

कार्यपरिषद् के समक्ष राज्य परियोजना निदेशालय (उ.प्र.) राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के द्वारा निर्गत अधोलिखित कार्यालय-ज्ञाप पत्रांक 559/SPD/RUSA /8/15/2016-17, दिनांक 20.12.2016 प्रस्तुत करते हुए परिषद् को अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अंतर्गत शासन से प्राप्त धनराशि को निर्धारित विभिन्न मदों में व्यय करने में परिषद् की सैद्धान्तिक स्वीकृति अपेक्षित है-

राज्य परियोजना निदेशालय (उ0प्र0)
राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA)
(National Higher Education Mission)

Coordinator RUSA

Phone No. 0522- 2287977
Email: spd.rusaup@gmail.com


पत्रांक : ..... /SPD/RUSA /..... /..... /2016-16    दिनांक : 26/12/2016

## कार्यालय—ज्ञाप

शासनादेश संख्या 9/2016/1746/सत्तर-3-2016-7(73)/2013 दिनांक 14 अक्टूबर, 2016 द्वारा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA) के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में राज्य विश्वविद्यालयों को आधारभूत सुविधाओं हेतु **प्रथम किश्त** के रूप में रू0 **65100000/-** (रू0 छः करोड़ इक्यावन लाख मात्र) एवं **द्वितीय किश्त** के रूप में रू0 **360491246/-** (रू0 छत्तीस करोड़ चार लाख इक्यानब्बे हजार दो सौ छियालीस मात्र) अर्थात कुल धनराशि रू0 **425591246/— (रू0 बयालीस करोड़ पचपन लाख इक्यान्बे हजार दो सौ छियालीस मात्र)** अवमुक्त की जाती है। उक्त धनराशि निम्नलिखित विश्वविद्यालयों को इस हेतु खोले गये RUSA खाते में PFMS के माध्यम अन्तरित की जायेगी।

(प्रथम किश्त)

| क्रमांक | विश्वविद्यालय का नाम | कुल स्वीकृत धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी | 65100000 |

(द्वितीय किश्त)

| क्रमांक | विश्वविद्यालय का नाम | कुल स्वीकृत धनराशि (रूपये में) |
|---|---|---|
| 1 | बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी। | 52170415 |
| 2 | महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी। | 52170415 |
| 3 | लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | 52170415 |
| 4 | डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा। | 47468750 |
| 5 | छत्रपति शाहूजी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर। | 52170415 |
| 6 | एम0जे0पी0 रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली। | 52170417 |
| 7 | वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर। | 52170417 |

उक्त धनराशि का उपयोग निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन किया जायेगा:

1— धनराशि का व्यय राज्य सरकार के वित्तीय नियमों के अन्तर्गत तथा भारत सरकार के सामान्य वित्तीय नियम एवम् राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) हेतु भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों एवं मानकों के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के उपरान्त निर्धारित कार्यों के लिए किया जाएगा।



2 धनराशि का व्यय सम्बन्धित संस्था के लिए उनके द्वारा भेजे गए एवं स्वीकृत अनुमोदित स्टेट हायर एजूकेशन प्लान (एसएचईपी) के अनुरूप किया जायेगा। उक्त धनराशि का व्यय उन्हीं मदों के अन्तर्गत किया जाएगा, जिनके लिए धनराशि प्राविधानित है एवं जिनकी माँग की गयी है, अन्य किसी मद में व्यय नहीं किया जाएगा।

3— भारत सरकार के मानकानुसार वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की सूचना त्रैमासिक आधार पर शासन को उपलब्ध करायी जाएगी।

4 अवमुक्त की गयी धनराशि का त्रैमासिक उपयोग प्रमाण—पत्र उपलब्ध कराते हुए Bhuwan RUSA app के माध्यम से Geotagging भी कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

5— वित्त विभाग के सुसंगत वित्तीय नियमों एवं समय समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

6— पूर्व की भाँति विश्वविद्यालय स्तर के कार्यों हेतु कार्यदायी संस्था नामित करने हेतु विश्वविद्यालय के कुलपति को अधिकृत किया जाता है।

7— यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किया जाए।

8 - अवमुक्त की जा रही धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों का उत्तरदायित्व सम्बन्धित राज्य विश्वविद्यालय के कुल सचिव के साथ—साथ कार्यदायी संस्था का होगा।

9— दिनांक 01.07.2016 से समस्त वित्तीय लेनदेन PFMS के माध्यम से किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

जितेन्द्र कुमार
निदेशक, रूसा

पत्रांक : 559 /SPD/RUSA / 3 / 15 /2016—17 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:—

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी), प्रथम उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. संयुक्त सचिव (H.E.) उच्चतर शिक्षा विभाग, MHRD, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
3. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, इलाहाबाद।
4. वित्त नियन्त्रक, उच्च शिक्षा निदेशालय, इलाहाबाद।
5. कुलसचिव, सम्बन्धित राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
6. रूसा कोर्डिनेटर, सम्बन्धित राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
7. अनुभाग अधिकारी, उच्च शिक्षा अनुभाग—03, उ0प्र0 शासन।
8. गार्ड फाइल।

डा0(आर0पी0एस0 यादव)
उपनिदेशक, रूसा

LIST OF WORK FROM IPB/IDP

| Sr. No. | Activities | Sanctioned Amount (in Lacs) |
|---|---|---|
| A. | **Creation of New Facilities** | |
| | 1- Construction of technology lab and psychology lab for dept. of education | 20 |
| | 2- Construction of language lab for dept. of Linguistics | 10 |
| | 3 Construction of Environmental Science Laboratory for dept. of science | 25 |
| | 4- Minor civil work in one of the academic building "Padani Bhawan" of the university.<br>(a). Construction of toilet 2 blocks for male students @ Rs. 10x2 (one block on the ground floor and second one on the first floor)<br>(b). Construction of toilet 2 blocks for female students @ Rs. 10x2 (one block on the ground floor and second one on the first floor) | 40 |
| | 5- Research Hostel- Construction of first floor | 100 |
| | 6- Construction of central examination/evaluation centre building (To conduct the different examination and evaluation of the university, simultaneously | 100 |
| | 7- Construction of Vehicle stands for students and teachers of the university-2, @12.5 Lac x 2=25 | 25 |
| | **Total-A** | **320** |
| B. | **Renovation and up-gradation of existing facilities** | |
| | 1- Wi-fi-net to connect and facilitates the different departments throughout the university campus | 100 |
| | 2 Renovation of the university campus<br>(a). Campus development (Boundary wall) | 50 |
| | (b). Beautification of the university (Development of the botanical garden- plantation and fencing) | 25 |
| | 3 Canteen/Cafeteria: Construction on first floor of the NSS building | 25 |
| | **Total-B** | **200** |
| C. | **Purchase of New Equipments** | |
| | 1- Instrument for language lab (including MM, Handset, furniture, projector and software) | 10 |
| | 2- Instruments and chemicals for Botanical, Chemical and Environmental Studies. | 10 |
| | 3- Computer sets for different departments of the university<br>(a). Instruments for department of library science (computer, printer, UPS with practical device) | 10 |
| | (b). Computer set or Laptop set with printer and scanner for different departments and section of the university. | 50 |
| | 4- RO water production plant- 5 units (2 units for Teaching & Learning building and on for Central office and one for Library building and students hostel. | 40 |
| | 5 CCTV cameras for university campus (Mainly Academic, Administrative, Exams record rooms, strong room, university office, campus entrance gate & Vice-chancellor's Residence with Moniter | 10 |
| | **Total-C** | **130** |
| | **Grand Total (A+B+C)** | **650** |

**विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मत्ति से राष्ट्रीय उच्चतर अभियान (RUSA) के अंतर्गत शासन से प्राप्त धनराशि को निर्धारित विभिन्न मदों में नियमानुसार व्यय करने हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की।**

**कार्यक्रम संख्या-11-** दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 15.02.2017 की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में कौशल केन्द्र में अस्थायी रूप से लगाये गये विश्वविद्यालय कर्मियों, जब से केन्द्र के साथ सम्बद्ध किये गये है, को दिये जाने वाले मानदेय के संदर्भ में कम्यूनिटी कालेज/बी.वोक. के गाईड लाईन के अनुसार निर्धारित मानदेय के भुगतान के संदर्भ में विचार।

कार्यपरिषद् के समक्ष दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 15.02.2017 की संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में कौशल केन्द्र में अस्थायी रूप से लगाये गये विश्वविद्यालय कर्मियों, जब से केन्द्र के साथ सम्बद्ध किये गये है, को दिये जाने वाले मानदेय के संदर्भ में कम्यूनिटी कालेज/बी॰वोन॰ की गाईड लाईन के अनुसार निर्धारित मानदेय के भुगतान के सन्दर्भ में

केन्द्र के निदेशक प्रो. शीतला प्रसाद उपाध्याय का अधोलिखित पत्र एवं सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 15.02.2017 की कार्यवृत्त प्रस्तुत की गयी।

**प्रो० शीतला प्रसाद उपाध्याय**
**निदेशक**
**दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र**

दूरभाष : 09450012561
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी-221002

पत्रांक K.167/2017 — दिनांक 02.03.2017

सेवा में,
माननीय कुलपति जी,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी।

विषय:-दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।

महोदय,

दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र के सलाहकार समिति की बैठक दिनाङ्क 15.02.2017 के प्रस्ताव संख्या 4 (क) में विश्वविद्यालय द्वारा कौशल केन्द्र में अस्थायी रूप से लगाये गये कर्मियों के मानदेय के सम्बन्ध में यह निर्णय लिया गया था कि कौशल केन्द्र में अस्थायी रूप से लगाये गये विश्वविद्यालय के कर्मियों, जब से वे इस केन्द्र के साथ सम्बद्ध किये गये हैं, को दिये जाने वाले मानदेय के संदर्भ में कम्युनिटी कालेज/बी०वोक० के गाईडलाइन के अनुसार निर्धारित मानदेय के भुगतान को कार्यपरिषद् की स्वीकृति के पश्चात् किया जाय।

विश्वविद्यालय ने अभी तक अस्थायी रूप से कौशल केन्द्र के निदेशक पद पर एक प्रोफेसर, एक डाटा इण्ट्री आपरेटर, एक लिपिक तथा एक परिचारक को अपने मूल दायित्वों का निर्वाह करते हुए (अतिरिक्त समय में कार्य करने हेतु) इस केन्द्र से सम्बद्ध किया है। कम्यूनिटी कालेज/बी०वोक० की गाईडलाइन इनके मानदेय के भुगतान के सन्दर्भ में मौन है। दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र की गाईडलाइन के क्रम संख्या 7.2 (पृष्ठ संख्या 4-5) पर संविदा पर नियुक्त प्रोफेसर को ही निदेशक के रूप में कार्य करने तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के मानदण्ड के अनुसार भुगतान करने का निर्देश है। इसके साथ ही क्रम संख्या 7.2.2 (पृ.सं. 5) पर भर्ती टीचिंग स्टाफ को भी संविदा पर नियुक्त कर विश्वविद्यालय के मानदण्ड के अनुसार भुगतान का निर्देश है।

विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार संविदा पर नियुक्त प्रोफेसर को लगभग रूपये 1,29,250.00, डाटा इण्ट्री आपरेटर/लिपिक को रूपये 8400.00 तथा परिचारक को रूपये 6815.00 देय होंगें। अपने मूल दायित्वों का निर्वहण करते हुए दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र के साथ विश्वविद्यालय के जिन कर्मचारियों को सम्बद्ध किया गया है उनके द्वारा इस केन्द्र के लिए अतिरिक्त समय में कार्य करने हेतु इनको निम्नलिखित दर से भुगतान करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा रहा है –

1. निदेशक — 10,000.00
2. कम्प्यूटर आपरेटर – 5,000.00
3. कार्यालय सहायक – 5,000.00
4. परिचारक – 2500.00

अत एव आपसे अनुरोध है कि आगामी होने वाली कार्यपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव पर अनुमति दिलाने की कृपा करें।

02.03.2017
(प्रो. शीतला प्रसाद उपाध्याय)
निदेशक

आवास : बी-7, नवीन अध्यापक आवास, विश्वविद्यालय परिसर, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी-221002

पत्रांक सं० – K-16

**दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र**
**सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय**
**वाराणसी**

माननीय कुलपति जी

दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र की सलाहकार समिति की बैठक दिनाङ्क 15.02.2017 को विश्वविद्यालय के योग साधना केन्द्र में अपराह्न 3.00 बजे सम्पन्न हुई जिसमें अधोलिखित सदस्य उपस्थित हुए

1. प्रो० यदुनाथ प्रसाद दुबे : कुलपति / चेयर पर्सन
डॉ (श्रीमती) उमा सी० वैद्या : यू०जी०सी० द्वारा नामित विशेषज्ञ-सदस्य
प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी : कुलपति द्वारा नामित विशेषज्ञ सदस्य
प्रो. राजाराम शुक्ल : कुलपति द्वारा नामित विशेषज्ञ सदस्य
प्रो. शिव शरण शुक्ला : यू०जी०सी० द्वारा नामित सदस्य
प्रो. शीतला प्रसाद उपाध्याय : निदेशक

**समिति की बैठक का कार्यवृत्त**

समिति की बैठक की कार्यवाही केन्द्र के निदेशक प्रो० शीतला प्रसाद उपाध्याय के मङ्गलाचरण से प्रारम्भ हुई। कुलपति जी ने नवागत सदस्यों का स्वागत करते हुए उन्हें कौशल केन्द्र का परिचय कराया। इसके अनन्तर निदेशक द्वारा कौशल केन्द्र के शैक्षिक कार्यक्रम को समिति के सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सलाहकार समिति के समक्ष कौशल केन्द्र द्वारा पूर्व से निर्धारित एजेण्डा को प्रस्तुत किया गया जो निम्नवत् है --

1. माननीय कुलपति जी द्वारा सम्बोधन।
   [illegible]
2. निदेशक द्वारा शैक्षिक कार्यक्रम की सूचना।
   सूचना दी गई
3. सलाहकार समिति की बैठक दिनाङ्क 15.02.2017 में विचारणीय बिन्दु –
   (क) इस विश्वविद्यालय को एक सितम्बर 2015 को यू०जी०सी० द्वारा रू. 2 करोड़ प्राप्त हुये थे जिसमें सत्र 2015-16 के लिए Start-up Assistance मद में रू० 50 लाख, Staff के लिए रू० 1 करोड़ तथा Operative Cost मद में रू० 50 लाख स्वीकृत

क्रमशः

थे, किन्तु उक्त सत्र में किन्हीं कारणों से यह कार्यक्रम प्रारम्भ न होने के कारण व्यय शून्य रहा।

इसी प्रकार सत्र 2016-17 के लिए रू0 1 करोड़ 70 लाख स्वीकृत था जिसमें Start-up Assistance मद में रू0 20 लाख, Staff के लिए रू0 1 करोड़ तथा Operative Cost मद में रू0 50 लाख स्वीकृत है परन्तु विश्वविद्यालय को यह धनराशि अभी तक प्राप्त नहीं है। इसका कारण यह है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2015-16 में कोई व्यय न होने के कारण उपयोग प्रमाण पत्र यू0जी0सी0 को प्रस्तुत नहीं किया जा सका।

**विश्वविद्यालय ने पूर्व के सत्र में प्राप्त धनराशि से वर्तमान सत्र में योजना को आरम्भ किया है। इस योजना में वर्तमान सत्र के लिए मिलने वाली धनराशि विश्वविद्यालय को अभी तक प्राप्त नहीं है।**

**वर्तमान सत्र के लिए स्वीकृत धन को प्राप्त कराने पर विचार-**

**निर्णय — सलाहकार समिति ने सर्व सम्मति से यह निर्देश दिया कि उपरोक्त के सन्दर्भ में अविलम्ब विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को पत्र भेजा जाय।**

(ख) सत्र 2015-16 में प्राप्त रू0 2.00 करोड़ को विभिन्न मदों में आवंटित करने पर विचार।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Start-up Assistance** | | 2015.16 (50 Lac) | 2016.17 (20 Lac) |
| Library | Books & Journal | 4 | |
| | Furniture | 3 | |
| | A.C. split | 02 Pcs<br>1 | |
| | Internet (Broad Band lease line) | 1 | |
| | Library Software | 0.5 | |
| | Library Staff | - | |
| | Computer | 3 Pcs<br>1.5 | |
| | Printer | 2 Pcs<br>0.32 | |
| | Scanner | 0.3 | |
| Computer lab | Computer | 20 Pcs<br>10 | |
| | A.C split | 03 Pcs<br>1.5 | |



क्रमशः

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Printer | 04 pcs<br>0.36 | |
| | Internet (Broad Band lease line) | | |
| | Furniture | 5 | |
| | Software CAD, Jyotish etc. | 2 | |
| | Computer Lab staff | - | |
| Class room | Furniture | 3 | |
| | A.C split | 04 Pcs<br>2 | |
| | LCD projector with screen | 02 Pcs<br>2.3 | |
| Director room | Furniture | 1 | |
| | Laptop | 0.9 | |
| | Internet (Broad Band lease line) | | |
| Appointment of Teacher/Staff | Advertisement & Process | 0.5 | |
| Others | Furniture for visitors and other CC TV Camera | 2.5 | |
| For building renovation and others | - | 7.32 | |
| Total | | 50 | |
| **Staff** | | 2015.16 (1 Caror) | 2016.17 (1 Caror) |
| Computer | | | |
| English | | | |
| Sanskrit | | | |
| Jyotish | | | |
| Karmkanda | | | |
| Vastu Shastra | | | |
| Interior Design | | | |
| MTS-1 | | | |
| Technical Assistant - 1 | | | |
| **Operative Cost** | | 2015.16 (50 Lac) | 2016.17 (50 Lac) |
| Transportation | | | |
| Field visits | | | |
| Preparation of materials | | | |
| Organizing seminars/workshops/training programmes | | | |
| Web creation | | | |
| Honorarium for engagement of Guest/ Visiting Faculty/Resource person, Hiring Services | | | |



क्रमशः

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Contractual lab staffs | | | | |
| Meetings | | | | |
| Contingency | | | | |

निर्णय :- सलाहकार समिति ने उपर्युक्त मदों में धन का आबण्टन न करते हुए, सम्पूर्ण धन को आवश्यकतानुसार व्यय करने की अनुमति प्रदान की। समिति ने यह भी निर्देश दिया कि सत्र 2015-16 में प्राप्त धनराशि को वर्तमान सत्र 2016-17 में व्यय किया जाय तथा सत्र 2016-17 के लिए आवण्टित धनराशि जो विश्वविद्यालय को अभी तक प्राप्त नहीं है, उसे सत्र 2017-18 में व्यय किया जाय तथा इसकी सूचना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली को दे दी जाय।

4. अन्य बिन्दु

(क) विश्वविद्यालय द्वारा अस्थायी रूप से लगाये गये कर्मियों के मानदेय के सम्बन्ध में -

निर्णय — सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से कौशल केन्द्र में अस्थायी रूप से लगाये गये विश्वविद्यालय के कर्मियों, अब से वे इस केन्द्र के साथ सम्बद्ध किये गये हैं, को दिये जाने वाले मानदेय के सन्दर्भ में कम्यूनिटी कालेज/बी0वोक0 के गाईड लाईन के अनुसार निर्धारित मानदेय के भुगतान को कार्यपरिषद् की स्वीकृति के पश्चात् करने का निर्देश प्रदान किया।

(ख) निदेशक के मोबाईल/इण्टरनेट आदि का व्यय -

निर्णय — सलाहकार समिति ने उक्त व्यय का औचित्य सिद्ध करते हुए बीजक प्रस्तुत करने पर, भुगतान करने का निर्देश दिया।

(ग) प्रवेश के नियमों पर विचार (शास्त्री / आचार्य / एम0वोक0 के सन्दर्भ में)

निर्णय — सलाहकार समिति ने शास्त्री/आचार्य कक्षाओं के नियमित एवं दिवा कक्षा होने के कारण बी0वोक0/एम0वोक0 कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को प्रवेश देने की अनुमति नहीं प्रदान की। एम0वोक0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु कौशल केन्द्र द्वारा निर्धारित अर्हता पर विचार करने के लिए सम्पूर्ण प्रकरण को अगली समिति की बैठक में रखने का निर्देश दिया।

(घ) कौशल केन्द्र की बैठकों में विशेषज्ञों/सदस्यों को देय मानदेय के सम्बन्ध में। विश्वविद्यालय ने अपने नियमों के अनुसार इसके लिए कोई मानदेय तय नहीं किया है।

निर्णय — सलाहकार समिति ने बतलाया कि यतः यह योजना विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली की है तथा इस निमित्त सम्पूर्ण धनराशि आयोग से ही आवण्टित है, अतः कौशल केन्द्र की बैठकों में विशेषज्ञ/सदस्य के मानदेय का भुगतान विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाय और यह भुगतान पूर्व में आयोजित विशेषज्ञ/सदस्य की बैठकों पर भी लागू किया जाय।

अन्त में माननीय कुलपति जी के धन्यवाद से बैठक सम्पन्न हुई।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त कार्यवाही को सम्पुष्ट करने की कृपा करें।

(प्रो0 शशिन्द्र प्रसाद उपाध्याय)
निदेशक
दीनदयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र
सं.सं.वि.वि., वाराणसी

Page 4 of 4

अनुमोदित

कौशल केन्द्र के निदेशक का पत्र एवं सलाहाकार समिति की कार्यवृत्त पर कार्यवृत्त पर कार्यपरिषद् ने गहनतापूर्वक विचार-विमर्श करने के पश्चात् निर्देश दिया कि-

**1- कौशल केन्द्र के द्वारा संचालित पाठ्यक्रम सम्बन्धी विवरण पहले उचित माध्यम यथा विद्यापरिषद् के समक्ष प्रस्तुत की जाए, तत्पश्चात् उसकी सस्तुति को कार्यपरिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।**

**2- मानदेय के भुगतान सम्बन्धी प्रस्ताव पहले उचित माध्यम यथा वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत की जायें। तत्पश्चात् उसकी संस्तुति को कार्यपरिषद् के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।**

**कार्यक्रम संख्या-12-** विश्वविद्यालय परिनियम 2.28 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार कार्यपरिषद् की स्वीकृति की प्रत्याशा में कुलपति महोदय द्वारा श्री लालजी मिश्र, असिस्टेंट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा को प्राक्टर नियुक्त करने के संदर्भ में सूचना।

कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिनियम 2.28 में दी गयी व्यवस्था के अंतर्गत श्री लालजी मिश्र, असिस्टेंट प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा को कुलपति

महोदय ने दिनांक 03.01.2017 से कार्यपरिषद् की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्राक्टर नियुक्त किया है।

कार्यपरिषद् ने उक्त सूचना से अवगत होते हुए विश्वविद्यालय परिनियम 2.28 में दी गयी व्यवस्था के अंतर्गत श्री लालजी मिश्र को प्राक्टर नियुक्त करने पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।

**कार्यक्रम संख्या-13-** प्रो॰ रजनीश कुमार शुक्ल, आचार्य, तुलनात्मक धर्म दर्शन विभाग को '**सदस्य सचिव**' (Member Secretary) भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् , नई दिल्ली पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु दिनांक 09.03.2017 (अपराह्ण) से तीन वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति (Deputation) की स्वीकृति की सूचना।

कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के पत्र संख्या 13-1/2017/A&F/ICPR, दिनांक 16 फरवरी, 2017 के द्वारा '**सदस्य सचिव**' (Member Secretary) भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली पद पर प्रतिनियुक्ति (Deputation) पर नियुक्त प्रो॰ रजनीश कुमार शुक्ल, आचार्य तुलनात्मक धर्म दर्शन विभाग को उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए कार्यमुक्त होने की तिथि से तीन वर्ष की अवधि के लिए कुलपति महोदय ने कार्यपरिषद् की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रतिनियुक्ति (Deputation) की स्वीकृति प्रदान की है तथा प्रो॰ शुक्ल को उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए दिनांक 09.03.2017 (अपराह्ण) से कार्यमुक्त कर दिया गया है। कार्यपरिषद् को यह भी अवगत कराया गया कि प्रतिनियुक्ति की अवधि के लिए अवकाश वेतन अंशदान (Leave Salary Contribution) और पेंशन अंशदान (Pension Contribution) उत्तर-प्रदेश शासन के वित्तीय हस्तपुस्तिका में निर्धारित दरों से भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी को देय होगा।

कार्यपरिषद् ने उक्त सूचना से अवगत होते हुए प्रो॰ रजनीश कुमार शुक्ल के प्रतिनियुक्ति पर सर्वसम्मति से अपनी स्वीकृति प्रदान की।

**अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर विचार**

1- श्री साधुबेला संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी में चयनित प्राचार्य पद पर श्री नागेन्द्र नारायण मिश्र के परीक्षाफल पर परीक्षा समिति के निर्णय पर विचार-

कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि छात्र नागेन्द्र नारायण मिश्र पुत्र श्री तारा शंकर मिश्र के प्रथमा परीक्षा वर्ष 1988 अनुक्रमांक 249, पूर्वमध्यमा प्रथम वर्ष 1989 अनुक्रमांक 2420, पूर्वमध्यमा द्वितीय वर्ष 1990 अनुक्रमांक 26557, उत्तरमध्यमा द्वितीय वर्ष 1992 अनुक्रमांक 898, के परीक्षाफल की प्रणाणिकता पर विचार के लिए प्रकरण परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 17.07.2016 में प्रस्तुत किया गया था। इस प्रकरण के सम्बन्ध में परीक्षा समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि अभिलेख में छात्र के परीक्षा विवरण पर की गयी

ओवर राइटिंग छात्र द्वारा नही की गयी है। ओवर राइटिंग करने का दायित्व भी निर्धारित नही हो पा रहा है। ऐसी दशा में छात्र को संदेह का लाभ देते हुए उसके प्रथमा पूर्वमध्यमा दोनो खण्ड तथा उत्तरमध्यमा समेकित परीक्षाफल के सत्यता की पुष्टि की जाती है।

परीक्षा समिति के उपर्युक्त संस्तुति के परिप्रेक्ष्य में कुलसचिव ने कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 25.09.2016 में अवगत कराया कि टेबुलेशन चार्ट में बिना किसी हस्ताक्षर से कटिंग करना संज्ञेय अपराध है, इसी को आधार मानते हुए कार्यपरिषद् ने अपनी बैठक दिनांक 30.06.2012 में संदिग्ध परीक्षाफलों की जांच के लिए सी.बी.आई जाँच की संस्तुति भी की थी इसी के सापेक्ष शासन द्वारा परीक्षाफल के जाँच के सन्दर्भ में एस.आई.टी. के अधिकारी ने भी मुझे कहा है कि कटिंग वाले परीक्षाफल के सन्दर्भ में एफ. आई. आर. दर्ज कराई जाय़। अतः परीक्षा समिति द्वारा संदर्भित प्रकरण में दी गयी संस्तुति नियमानुकूल नही है।

कुलसचिव के उपर्युक्त तथ्यों से अवगत होते हुए कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि परीक्षा समिति द्वारा सम्बन्धित प्रकरण में दी गयी संस्तुति पुनः विचारार्थ परीक्षा समिति को प्रत्यावर्ति कर दी जायें।

कार्यपरिषद् के उपर्युक्त निर्णयानुसार प्रकरण पुनः परीक्षा समिति की बैठक 13.04.2017 में प्रस्तुत किया गया। जिस पर गहन विचार-विमर्श के अनन्तर परीक्षा समिति ने अपनी बैठक दिनांक 17.07.2016 में लिये गये निर्णय की पुष्टि करते हुए प्रकरण कार्यपरिषद् के अनुमोदनार्थ निर्दिष्ट किया।

*परीक्षा समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर कुलसचिव ने अपनी आपत्ति पुनः करते हुए कहा कि टेबुलेशन चार्ट में बिना किसी हस्ताक्षर से कटिंग करना संज्ञेय अपराध हैं, इसी को आधार मानते हुए कार्यपरिषद् ने अपनी बैठक दिनांक 30.06.2012 में संदिग्ध परीक्षाफलों की जांच के लिए सी.बी.आई जाँच की संस्तुति भी की थी इसी के सापेक्ष शासन द्वारा परीक्षाफल के जाँच के सन्दर्भ में एस.आई.टी. के अधिकारी ने भी मुझे कहा है कि कटिंग वाले परीक्षाफल के सन्दर्भ में एफ. आई. आर. दर्ज कराई जाय़। अतः परीक्षा समिति द्वारा संदर्भित प्रकरण में दी गयी संस्तुति नियमानुकूल नही है।*

**कार्यपरिषद् के सदस्यों के द्वारा उपर्युक्त प्रकरण तथा कुलसचिव के आपत्ति पर गम्भीरता पूर्वक विचार-विमर्श करने के पश्चात् कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से परीक्षा समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर अनुमोदन प्रदान करते हुए निर्देश दिया कि श्री नागेन्द्र नारायण मिश्र को नियुक्ति हेतु कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जायें। कुलसचिव ने अपनी असहमति व्यक्त करते हुए कहा कि, श्री नागेन्द्र नारायण मिश्र एवं अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाय।**

**2-** शताब्दी भवन आवंटन के सम्बन्ध में प्रवर्तनीय व्यवस्था के अंतर्गत सेवानिवृत्त अध्यापकों/अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यरत कर्मियों के समान शुल्क निर्धारण के सम्बन्ध में-

कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के कर्मचारी संघ ने मांग की है कि विश्वविद्यालय से नियमित सेवा कर सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को उनके सेवा योगदान एवं सहभागिता को दृष्टिगत करते हुए सेवारत कर्मियों की भाँति शताब्दी भवन आवंटन सुविधा का लाभ समान आवण्टन सेवाशुल्क के आधार पर अनुमन्य की जायें।

कर्मचारी संघ की उक्त मांग पर कार्यपरिषद् ने विचार-विमर्श करने के पश्चात् सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय में नियमित सेवा कर सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों (अध्यापक/अधिकारी/कर्मचारी) के परिवार के सदस्यों के विवाह, बारात आदि के अवसर पर उपयोग के लिए शताब्दी भवन आवण्टन में वही किराया लिया जायें जो सेवारत कर्मियों के लिए निर्धारित है। इस प्रयोजन हेतु सेवानिवृत्त कर्मियों के सदस्यों में पत्नी/पति, पुत्र/पुत्री और अविवाहित सगे भाई/बहन ही सम्मिलित होंगे।

साथ ही कार्यपरिषद् ने शताब्दी भवन आवंटन नियमावली का समीक्षा कर अपनी संस्तुति प्रस्तुत करने के लिए अधोलिखित सदस्यों की समिति गठित करने का निर्देश प्रदान किया -

1. प्रो॰ हेतराम कछवाह
2. डा॰ हीरक कान्ति चक्रवर्ती
3. डा॰ रमेश प्रसाद

**3-** माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा याचिका संख्या 6239/2016 में पारित आदेश दिनांक 12.02.2016 एवं प्रबंधक श्री सुकदेव प्रसाद त्रिपाठी स्मारक संस्कृत विद्यापीठ, भठहीखुर्द (शुकदेवनगर) फाजील नगर, कुशीनगर के पत्र दिनांक 17.02.2016 के निस्तारण के सम्बन्ध में-

कार्यपरिषद् को अवगत कराया गया कि माननीय उच्च न्यायालय में योजित याचिका संख्या 6239/2016 में पारित आदेश दिनांक 12.02.2016 के परिप्रेक्ष्य में प्रबंधक श्री सुकदेव प्रसाद त्रिपाठी स्मारक संस्कृत विद्यापीठ, भठहीखुर्द (शुकदेवनगर) फाजिल नगर, कुशीनगर के प्रत्यावेदन दिनांक 17.02.2016 पर कार्यवाही करते हुए कुलपति महोदय द्वारा प्रार्थित मान्यता प्रकरण में एक निरीक्षण मण्डल का गठन किया गया था। निरीक्षण मण्डल ने दिनांक 25.03.2017 को स्थलीय निरीक्षण किया और अपनी आख्या दिनांक 26.03.2017 कुलपति महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया। निरीक्षक मण्ल ने संस्तुति की कि-

*''यतः विद्यालय की मान्यता हेतु निर्धारित सभी मानकों को पूरा करता है, अतः विश्वविद्यालय द्वारा पुराणेतिहास एवं बौद्धदर्शन विषयों की आचार्य तक की मान्यता देते हुए उक्त विद्यालय को व्याकरण, ज्योतिष, वेद और आगम कुल चार विषयों की शास्त्री से आचार्य पर्यन्त तक की मान्यता प्रदान की जा सकती है।''*

निरीक्षण मण्डल द्वारा प्रदत्त उपर्युक्त एवं संस्तुति तथा प्रार्थित मान्यता के सन्दर्भ में महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों के परिप्रेक्ष्य में कुलपति महोदय द्वारा सम्बद्धता/मान्यता समिति एवं कार्यपरिषद् की स्वीकृति की प्रत्याशा में निरीक्षक मण्डल द्वारा संस्तुत मान्यता अनुमत कर दी गयी है।

**कार्यपरिषद् उक्त प्रकरण से अवगत होते हुए कुलपति महोदय द्वारा सम्बद्धता/मान्यता समिति एवं कार्यपरिषद् की स्वीकृति की प्रत्यशा में महाविद्यालय को प्रदत्त मान्यता पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।**

**4-** कार्यपरिषद् को वित्ताधिकारी ने अवगत कराया कि विगत वर्षो में आयकर विभाग द्वारा विश्वविद्यालय पर रू॰ 1 करोड़ 73 लाख आयकर बकाया /पेनाल्टी निर्धारित की गयी थी जिसमें रू॰ 1 करोड़ टोकन के रूप में आयकर विभाग में विश्वविद्यालय द्वारा जमा करके बकाया/पेनाल्टी समाप्त करने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एक सी॰ए॰ के माध्यम से आयकर विभाग में अपील की गयी है।

कार्यपरिषद् उक्त से अवगत होते हुए गम्भीर चिन्ता व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि प्रकरण के शीघ्र निस्तारण एवं भुगतान की गयी धनराशि को वापस पाने के उद्देश्य से एक अतिरिक्त सी.ए. का भी सहयोग प्राप्त किया जाय। सी.ए. की नियुक्ति करने के लिए परिषद् कुलपति जी को अधिकृत किया। परिषद् ने यह भी निर्देश दिया कि सम्बन्धित प्रकरण के लिए उत्तरदायी अधिकारियों/कर्मचारियों को भी चिन्हित कर जिम्मेदारी निर्धारित की जायें।

5- परिषद् के कतिपय सदस्यों ने यह भी अवगत कराया कि पूर्व में कार्यपरिषद् द्वारा स्थानीय निधि लेखा परीक्षा के एक आडिटर के स्थानान्तरण कराने हेतु कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया था, जिसका क्रियान्वयन अभी तक नही हुआ है।

उक्त पर कार्यपरिषद् ने निर्देश दिया ~~था~~, कार्यपरिषद् द्वारा दिये गये निर्देश ~~के~~ का अनुपालन, वित्ताधिकारी एवं कुलसचिव शीघ्र सुनिश्चित करायें।

6- कार्यपरिषद् को यह अवगत कराया गया कि कुलपति महोदय ने श्री इन्दुशेखर मिश्र, एडवोकेट हाईकोर्ट, इलाहाबाद (97, अधिवक्ता कक्ष, नया भवन, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद) को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में विश्वविद्यालय का पैनल अधिवक्ता नामित किया है।

**कार्यपरिषद् उक्त सूचना से अवगत हुई और अपनी स्वीकृति प्रदान की।**

7- कार्यपरिषद् के माननीय सदस्य प्रो॰ प्रेम नारायण सिंह ने श्री हरिवंश कुमार पाण्डेय सी.-2 अनुसंधान परिसर, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन जो कूट रचित शासनादेश के आधार पर निदेशक, प्रकाशन संस्थान पद पर डा. पद्माकर मिश्र की प्रोन्नति की उच्चस्तरीय जाँच तथाय न्यायोचित कार्यवाही कराने के सम्बन्ध में है के परिप्रेक्ष्य में कार्यवाही करने की माँग की।

कार्यपरिषद् के अन्य सदस्यों द्वारा प्रो॰ प्रेम नारायण सिंह की उक्त मांग पर कहा गया कि प्रकरण से सम्बन्धित विवरण का अध्ययन अभी उन लोगों के द्वारा नही किया गया है अतः इस पर विचार करना अभी सम्भव नही है।

8. कुलसचिव ने अपने पत्र दिनांक 28.2.17 को इस प्रकरण में दोषियों को चिन्हित करने की मांग की जिस पर सर्वसम्मति से कार्यपरिषद ने माननीय कुलपति को एक समिति बनाने के लिए अधिकृत किया।

अंत में माननीय अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभा विसर्जन करने की घोषणा की।

कुलसचिव जी माननीय कुलपति
कृपया अनुमोदनार्थ
29/4/17

कं. सदस्यों प्रेषित अनुमोदनार्थ,
30/4/17

कुलसचिव
सं.सं.वि.वि.,वाराणसी

कार्यक्रम संख्या-05, निर्णय (पृष्ठ-12) पर भी संशोधन निर्णयानुसार किया गया। संशोधन के साथ कार्यवृत्त अनुमोदित।
01.05.17
VC